पीरियोडिक टेस्ट-2
(पाठ 1 से 10 तक)

समयावधि : .... **पूर्णांक : 20**

नोट – वर्तनी तथा लेखनी पर विशेष ध्यान दीजिए–

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. वह मुसकराता हुआ खेतों की ओर निकल पड़ा।
2. कैसे इस लड़के को हराया जाए? कौन-सा काम दिया जाए? इसी उधेड़बुन में पंद्रह-बीस दिन बीत गए।
3. गाँव में अकाल पड़ने लगा। पानी न मिलने से धान के खेत सूखने लगे।
4. (क) जल (ख) नीर 5. (क) परेशानी (ख) मुसकुराहट

(ख) निर्देशानुसार कीजिए।

1. (क) आवश्यक (ख) परिश्रमी 2. (क) उजाला (ख) झूठा
3. (क) बहादुर (ख) तेज़ 4. (क) निडरता (ख) पिटाई
5. (क) गया था – भूतकाल (ख) उतारी – भूतकाल

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. डाकू ने सिकंदर की प्रशंसा में कहा कि जहाँपनाह, मैं आपकी न्यायप्रियता की चर्चा खूब सुन चुका हूँ और यह भी जान चुका हूँ कि आपके हाथों किसी निर्दोष को सज़ा नहीं मिली है।
2. कवि उन घरों में उद्यम का दीप जलाना चाहते हैं जहाँ निराशा ने घर कर लिया है। जो लोग हारकर मरे हुए व्यक्तियों के समान जीवन जी रहे हैं, उनके मन में आशा का दीप जलाकर उन्हें फिर से जीने की प्रेरणा देना चाहते हैं।
3. युद्ध के मैदान में अरब सैनिक ने देखा कि सारा मैदान मृतकों व घायलों से भरा पड़ा है।
4. ज़मींदार ने हरिया से कहा कि मेरे यहाँ काम करना आसान नहीं है। मैं जो भी काम बताऊँगा, वह तुम्हें करना पड़ेगा, नहीं कर सके तो वेतन का एक भी पैसा नहीं मिलेगा।
5. महाराज ने अंत में दयाराम के मालिक पर दंड स्वरूप बीस हज़ार स्वर्ण मुद्राओं का जुर्माना लगाया। दस हज़ार स्वर्ण मुद्राएँ दंड स्वरूप दयाराम को दिलवाईं तथा हीरे भी जब्त कर लिए।

(घ) विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

उत्तर के लिए संकेत-बिंदु– 1. त्योहार का नाम तथा किस जाति या धर्म से जुड़ा है? 2. क्यों? कब? 3. कैसे मनाया जाता है? 4. लाभ तथा हानियाँ 5. त्योहारों का महत्व